# प्रमुख शहरों में अस्पताल और होटलों के लिए दिए जाएंगे 200 बड़े भूखंड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के प्रमुख शहरों में स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, मेरठ, अयोध्या, बरेली और मुरादाबाद जैसे शहरों में होटल और अस्पताल के लिए 200 बड़े भूखंड आरक्षित किए जाएंगे, जिनमें से 100 भूखंड अस्पतालों और 100 होटल परियोजनाओं के लिए होंगे। सरकार का उद्देश्य निवेशकों को आकर्षित कर विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करना और राज्य की अर्थव्यवस्था को दस खरब डॉलर तक पहुंचाना है।

राज्य सरकार प्रदेश के शहरों में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के साथ ही यहां आने वालों को होटल की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है। प्रदेश में होटल और अस्पताल व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए भवन विकास उपविधि में भी मानक को सरल किया गया है। इसका मकसद देश-दुनियां से निवेश आकर्षित करना है।

## वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या भी शामिल

आवास विभाग में हाल ही में विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और आवास आयुक्त के साथ हुई बैठक में प्रदेश में तेजी से आवासीय योजनाओं को लाने के साथ ही होटल और अस्पताल के लिए बड़े-बड़े 200 भूखंड आरक्षित करने का निर्देश दिया गया है। ये भूखंड ऐसे स्थानों पर चिह्नित किए जाएंगे, जहां आने जाने के लिए बेहतर साधन हो। इसके साथ ही आसपास व्यवसायिक गतिविधियां विकसित करने के लिए भी पर्याप्त भूखंड मिल सके। ब्यूरो